RNI-UPHIN/2009/30721




शनिवार 01 नवंबर 2025
सुर्योदय प्रातः 06 :32 बजे
सूर्यास्त सांय 17 : 37 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 बिहार के विकास में नीतीश का योगदान

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 17 | अंक : 015 | गाजियाबाद, शनिवार 01 नवंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## भारत और अमेरिका ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए दस वर्ष के रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत और अमेरिका ने रक्षा उद्योग, सेनाओं और रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए दस वर्ष के महत्वाकांक्षी रक्षा समझौते (रक्षा फ्रेमवर्क समझौते) पर हश्ताक्षर किये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को कुआलालंपुर में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 12 वीं बैठक से इतर हुई बैठक में वार्ता के बाद इस समझौते पर हश्ताक्षर किये। इस समझौते के अंतर्गत अमेरिका भारत के साथ उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी साझा करेगा।

रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच रक्षा भागेदारी और मजबूत बनेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यह समझौता भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के संपूर्ण आयाम को नीतिगत दिशा प्रदान करेगा और साझेदारी के एक नए दशक का सूत्रपात करेगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र भारत-अमेरिका संबंधों का प्रमुख श्तंभ बना रहेगा।

उधर श्री हेगसेथ ने कहा कि रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला देश है। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्वतंत्र और मुक्त हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, " कुआलालंपुर में अपने अमेरिकी समकक्ष पीटर हेगसेथ के साथ एक उपयोगी बैठक हुई। हमने 10 वर्ष के 'अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी की रूपरेखा' पर हश्ताक्षर किए। यह हमारी पहले से ही मज़बूत रक्षा साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत करेगा। यह रक्षा रूपरेखा भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के संपूर्ण आयाम को नीतिगत दिशा प्रदान करेगी। यह हमारे बढ़ते रणनीतिक तालमेल का संकेत है और साझेदारी के एक नए दशक का सूत्रपात करेगा।

रक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख श्तंभ बना रहेगा। एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए हमारी साझेदारी महत्वपूर्ण है।"



श्री हेगसेथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैंने अभी अपने समकक्ष राजनाथ सिंह से मिलकर 10 वर्ष के यूएस-इंडिया डिफेंस फ्रेमवर्क पर साइन किए हैं।

इससे हमारी डिफेंस पार्टनरशिप आगे बढ़ेगी, जो रीजनल स्टेबिलिटी और रोक के लिए एक अहम हिस्सा है। हम अपना कोऑर्डिनेशन, इन्फॉर्मेशन शेयरिंग और टेक कोऑपरेशन बढ़ा रहे हैं। हमारे डिफेंस संबंध पहले कभी इतने मज़बूत नहीं रहे।"

रक्षा मंत्रालय ने वक्तव्य में कहा है कि दोनों नेताओं के बीच बैठक अच्छी रही और प्रतिनिधिमंडल श्तर की बातचीत के बाद उनकी आमने-सामने की बैठक हुई।

दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में निरंतर तेज़ी की सराहना की और इसके परस्पर फायदे पर आधारित साझेदारी को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने रक्षा मुद्दों तथा चुनौतियों की समीक्षा की और रक्षा उद्योग तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने बढती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत जताई। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने समझौते पर हश्ताक्षर किये।

## विकसित भारत के लिए उद्यमी तैयार कर रहा यूपी : जयंत

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ़ लोगों को कौशल प्रदान नहीं कर रहा है बल्कि एक विकसित भारत के लिए उद्यमी भी तैयार कर रहा है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने आज बताया कि श्री जयंत चौधरी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के बश्ती में कौशल विकास एवं उद्यमिता पहलों की प्रगति की समीक्षा करने के बाद कहा कि "कौशल भारत की असली ताकत इसके ज़िलों और गाँवों में निहित है।

बश्ती इस बात का उदाहरण है कि कैसे बुनियादी कौशल को उद्यमिता और स्थानीय उद्योगों से जोड़कर जीवन और समुदायों में बदलाव लाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश सिर्फ़ लोगों को कौशल प्रदान नहीं कर रहा है, बल्कि एक विकसित भारत के लिए उद्यमी भी तैयार कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 24.6 लाख की आबादी और 14 ब्लॉकों और चाक तहसीलों में फैले बश्ती ज़िले में कौशल प्रशिक्षण और उद्यम निर्माण के क्षेत्र में पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे सक्रिय ज़िलों में से एक के रूप में तेज़ी से उभर रहा है। ज़िले में चार सरकारी आईटीआई, 26 निजी आईटीआई, दो पॉलिटेक्निक, एक जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) के साथ एक मज़बूत संस्थागत पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है, जो कुल मिलाकर सालाना 10,000 से ज़्यादा युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत बश्ती ने लगभग 15,000 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है। ज़िले ने स्वास्थ्य सेवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य, हश्तशिल्प और खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित ताकि कौशल सीधे रोज़गार और उद्यमिता में परिवर्तित हो।

## सरकार इतिहास बदलकर सच नहीं छिपा सकती, RSS पर फिर लगे प्रतिबंध : खरगे



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा-आरएसएस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे पाठ्यक्रम बदलने का काम कर सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि सच को बदला नहीं जा सकता और ना ही इस पर पर्दा डाला जा सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस को घातक संघटक बताया और कहा कि सरकार पटेल के अनुसार इस संघटन के बनाए माहौला के कारण ही गांधीजी की हत्या हुई थी इसलिए आरएसएस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार ने आरएसएस की गतिविधियों पर सरकारी कर्मचारियों के हिस्सा लेने पर प्रतिबंध हटाया है उसे फिर लगाया जाना चाहिए।

श्री खरगे ने शुक्रवार को अपने आवास पर यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) सरकार बैसाखियों पर खड़ी है लेकिन इनकी सरकार उन्हीं लौहपुरुष के निर्णय को बदलने का काम कर रही है जो देश के पहले उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने लिये थे। उनका कहना था कि 9 जुलाई 2024 को मोदी सरकार ने आरएसएस की गतिविधियों पर लगा 58 साल पुराना वह प्रतिबंध हटाया है जिसमें आरएसएस के कार्यक्रमों में सरदार पटेल ने सरकारी कर्मचारियों के हिस्सा लेने पर प्रतिबंध लगाया था। उनका कहना था कि आरएसएस पर फिर से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सरदार पटेल के लगाए प्रतिबंध को खत्म कर दिया है और अब पाठ्यक्रम में बदलाव कर इतिहास को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना था कि हाल ही में एनसीईआरटी की तीन किताबों में से गांधी जी, गोडसे, आरएसएस और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े टॉपिक हटा दिए गए हैं।

भाजपा सरकार सच्चाई को छिपाना चाहती है, जो बहुत बुरी बात है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए कि सच छिप नहीं सकता है। हालांकि मोदी सरकार हमेशा झूठ को सच बनाने की कोशिश में लगी रहती है और इससे उनकी मंशा समझ में आती है।

श्री खरगे ने कहा 'आज का दिन जहां बहुत महत्वपूर्ण है वहीं बहुत दुखद भी है। हम एक तरफ सरदार पटेल की जयंती मना रहे हैं, वहीं दुखद है कि आज इंदिरा गांधी का शहादत दिवस है।

## मुर्मु और शाह ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की, शाह ने एकता दौड़ को झंडी दिखाई

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को यहां पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में श्री शाह ने सरदार पटेल की जयंती 'एकता दिवस' के अवसर पर लोगों को देश की एकता और अखंडता के संकल्प की शपथ दिलाई और 'एकता दिवस दौड़' को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रीमती मुर्मु और श्री शाह ने सुबह साढे छह बजे यहां पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## हम एसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें : मोदी

✷ वेबवार्ता. एकता नगर ✷। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के एकता नगर में कहा कि हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें। श्री मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यहां आयोजित भव्य समारोह में कहा, 'सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए उनकी यह भावना उनकी जीवन गाथा में दिखाई देती है।' सरदार साहब ने जो नीतियां बनायीं जों निर्णय लिए उन्होंने नया इतिहास रचा, नया इतिहास बनाया। आजादी के बाद साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों को एकता में जोड़ने के असंभव कार्य को उन्होंने संभव करके दिखा दिया। एक भारत श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरी था। इसलिए आज सरदार पटेल की जयंति का दिन स्वभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है।

## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूटे, प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के निचले स्तर पर

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गयी और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के निचले श्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 465.75 अंक (0.55 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 83,938.71 अंक पर बंद हुआ जो 16 अक्टूबर के बाद का निचला श्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.75 अंक यानी 0.60 प्रतिशत टूटकर 17 अक्टूबर के बाद के निचले श्तर 25,722.10 अंक पर आ गया। सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ देर के लिए बाजार में तेजी देखी गयी थी, लेकिन बाद में फिर बिकवाली हावी हो गयी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने के बाद यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं।

## क्रिस्टीज की नीलामी में मुगल काल लघुचित्र 10,245,000 पाउंड में बिका

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। मुगल बादशाह अकबर के पसंदीदा कलाकारों में से एक बसावन द्वारा बनाई गई चट्टानी परिदृश्य में हरी-भरी घास पर आराम फरमाते चीतों के परिवार को दर्शाती एक लघु कलाकृति ने क्रिस्टीज की लंदन नीलामी में सबसे महंगी भारतीय शास्त्रीय कला का रिकॉर्ड बनाया है। यह नीलामी 28 अक्टूबर को हुई, जिसमें यह कलाकृति 10,245,000 ब्रिटिश पाउंड (लगभग 119.49 करोड़ रुपये) में बिकी। ''राजकुमार और राजकुमारी सदरुद्दीन आगा खान के निजी संग्रह की असाधारण कलाकृतियों'' में शामिल यह लघुचित्र क्रिस्टीज की नीलामी में अपने अनुमान से 14 गुना अधिक कीमत पर बिका।

## तूफान मोंथा का कई राज्यों में कहर, तेलंगाना में छह की मौत



✷ वेबवार्ता. कोलकात/हैदराबाद/अमरावती ✷

भीषण चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के कारण पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कई राज्यों में भारी नुकसान हुआ है। तेलंगाना में भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। आंध्र प्रदेश के तट से टकराने के बाद हालांकि 'मोंथा' कमजोर पड़ गया।

लेकिन उससे पहले भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, मकान ढह गए और सड़कों पर पानी भर गया। बिजली की आपूर्ति और यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने शुक्रवार को उत्तर बंगाल के कई जिलों में अगले 24 घंटों में मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है।

मोंथा का प्रभाव मध्य छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है और इसके पूर्वी उत्तर प्रदेश से होते हुए बिहार की ओर बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने दो दिनों तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों और उत्तरी तटीय क्षेत्रों में हल्की से सामान्य बारिश का अनुमान व्यक्त किया है।

तेलंगाना में अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि चक्रवात 'मोंथा' के प्रभाव के कारण तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में हुई भारी बारिश के बाद अलग-अलग बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि तूफान ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में दश्तक दी थी और अब इसकी गति धीमी पड़ रही है।

मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, कलिम्पोंग और दार्जिलिंग जिलों के कुछ हिस्सों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की आशंका है और इसके मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्रों में कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की चेतावनी जारी की है।

आंध्र प्रदेश के ऊर्जा मंत्री जी. रवि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में आए भीषण चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण बिजली के करीब 13 हजार खंभे, तीन हजार किलोमीटर कंडक्टर लाइन और तीन हजार ट्रांसफार्मर क्षतिग्रश्त हो गए।

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि चक्रवाती तूफान के कारण राज्य को कम से कम 5,265 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, अल्केमिस्ट ग्रुप की 127.3 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अल्केमिस्ट ग्रुप से जुड़ी दो संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत अनंतिम रूप से कुर्क किया है।

ईडी के दिल्ली जोनल ऑफिस ने कंवर दीप सिंह के स्वामित्व वाली पंचकूला स्थित अल्केमिस्ट हॉस्पिटल और ओजस हॉस्पिटल के 127.3 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों को कुर्क किया। यह कार्रवाई मेसर्स अल्केमिस्ट ग्रुप, उसके निदेशकों, प्रमोटरों और संबद्ध कंपनियों के खिलाफ चल रही जांच का हिस्सा है, जो बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ा मामला है। ईडी ने यह जांच कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और बाद में सीबीआई, एसीबी लखनऊ द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी और 420 के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की थी।

ये मामले मेसर्स अल्केमिस्ट टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अल्केमिस्ट इंफ्रा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और समूह के प्रमोटर व निदेशक कंवर दीप सिंह तथा अन्य के खिलाफ दर्ज किए गए थे। ईडी की प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ कि कंपनी ने धोखाधड़ी कर सामूहिक निवेश योजनाओं (सीआईएस) के माध्यम से जनता से अवैध रूप से धन जुटाया था।

इन योजनाओं में निवेशकों को असामान्य रूप से ऊंचे रिटर्न का लालच दिया गया और प्लॉट, फ्लैट या विला आवंटन के झूठे वादे किए गए। जांच में पाया गया कि मेसर्स अल्केमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और मेसर्स अल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड ने करीब 1,848 करोड़ रुपए गैर-जिम्मेदार निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र किए और फिर इन पैसों का अनधिकृत उद्देश्यों के लिए इश्तेमाल किया।

### यूपी : फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## ग्राम पंचायत अधिकारी समेत 5 गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✷

लखनऊ में एसटीएफ ने फर्जी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर के माध्यम से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने ग्राम पंचायत अधिकारी समेत गिरोह के पांच सदस्यों-लाल बिहारी, रवि वर्मा, सोनू वर्मा, बंशराज वर्मा और सत्यरोहन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को लखनऊ और जनपद गोंडा के मोतीनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक सुधांशु शेखर के पर्यवेक्षण में टीम ने जांच शुरू की और सूचना तंत्र को सक्रिय किया।

इसी दौरान उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह की टीम को सूचना मिली कि कार सवार आरोपी लाल बिहारी पाल हरदोई से लखनऊ आ रहा है और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का सदस्य है। टीम ने दुबग्गा चौराहे के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बरामद हुए।

पूछताछ में लाल बिहारी ने बताया कि वह ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर हरदोई में तैनात है और अपने साथी रवि वर्मा (निवासी गोंडा) के साथ मिलकर यह धंधा चला रहा था।

## एसआईआर के साथ जोड़ा जाए जातीय कॉलम : अखिलेश यादव

✷ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✷

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर के साथ जातीय कॉलम जोड़ा जाना चाहिए, ताकि जातियों की स्थिति का स्पष्ट आकलन हो सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस सुझाव को स्वीकार करेगी।

अखिलेश यादव ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में जाति से जुड़ा एक अतिरिक्त कॉलम शामिल किया जाना चाहिए। इससे जाति-जनगणना में सहूलियत होगी और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सटीक नीति बनाई जा सकेगी। मुझे विश्वास है कि सरकार इस पर गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने गन्ना किसानों की समस्या पर बोलते हुए कहा कि गन्ने का भाव और बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसान परिवारों में खुशहाली आ सके।

## एसपी की मंजूरी के बिना वकीलों को समन नहीं : उच्चतम न्यायालय

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार की रक्षा के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जांच एजेंसियों को मुवक्किलों को सलाह देने के वाश्ते वकीलों को मनमाने ढंग से तलब करने पर रोक लगाने के लिए कई निर्देश जारी किए और कहा कि जांच अधिकारी आपराधिक जांच में उन्हें तब तक नहीं बुला सकते जब तक कि पुलिस अधीक्षक की मंजूरी न हो।

ईडी द्वारा वकीलों को भेजे गए समन को खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह उन आरोपियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जिन्होंने वकीलों को अपनी पैरवी के लिए चुना था।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने ईडी द्वारा धन शोधन जांच के सिलसिले में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के बाद स्वतः संज्ञान मामले में यह फैसला सुनाया।

पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा कि उसने वकीलों की सुरक्षा के लिए ''नियम में छूट को सुसंगत बनाने'' का अनुरोध किया है और जांच एजेंसियों के अनुचित दबाव से कानूनी पेशे की रक्षा के लिए नए निर्देश जारी किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश में 3500 से 4500 डॉलर में बिकते हैं भारतीय युवा

**आगरा , एजेंसी।** कंबोडिया के शहर फ्नोम पेन्ह और पोइपेट चीनी साइबर ठगों के लिए सबसे मुफीद हैं। इन शहरों में आलीशन ऑफिस में साइबर ठगी के कॉल सेंटर संचालित हो रहे हैं। चीनी साइबर ठग भारत सहित पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल आदि के बेरोजगार युवाओं को नौकरी देकर लोगों को कॉल कराते हैं। इसके बाद ठगी की रकम अपने खातों में जमा करा लेते हैं। हर महीने करोड़ों की कमाई कर युवाओं को बदल दिया जाता है। फिर से नए युवकों को बुलाकर डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग और हनी ट्रैप आदि जैसे साइबर क्राइम कराए जाते हैं। पुलिस को दो आरोपियों से पूछताछ में यह जानकारी हाथ लगी है। गिरोह के पकड़े जाने के बाद और भी पीड़ित पुलिस से संपर्क कर जानकारी दे रहे हैं। साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरोह का खुलासा किया था। बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया, वियतनाम, सिंगापुर, बैंकाक और लाओस भेजने वाले गिरोह के दो सदस्य पकड़े थे। इनमें उन्नाव निवासी आतिफ खान और इंदौर का अजय कुमार शुक्ला शामिल थे। इनमें अजय को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। आतिफ को रिमांड पर लिया गया है। वहीं तीसरे आरोपी आमिर खान को रत्नागिरी, महाराष्ट्र से पुलिस पकड़कर लाई है। उससे भी पूछताछ की जा रही है। साइबर सेल के सूत्रों के मुताबिक, चीनी नागरिक साइबर ठगी का नेटवर्क चला रहे हैं। उनके एजेंट अलग-अलग देशों में फैले हुए हैं। यह एजेंट युवकों को 50 हजार से एक लाख रुपये महीने तक की नौकरी विदेश में लगवाने का झांसा देते हैं। उनसे रकम ली जाती है। इसके बाद विदेश में साइबर ठगों को बेच देते हैं। कंबोडिया के फ्नोम पेन्ह और पोइपेट शहर में साइबर ठगों ने अपने ऑफिस बना रखे हैं। इनमें सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। एक कंपनी में 10 टावर और 10 फ्लैट होते हैं। इनमें ही कार्यालय होता है। आवास की भी व्यवस्था होती है। जिन युवाओं को लाया जाता है, उनसे डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग, हनी ट्रैप जैसे साइबर अपराध कराए जाते हैं। गिरोह के पकड़े जाने के बाद आगरा पुलिस से अन्य शहरों के ठगी के शिकार युवा संपर्क कर रहे हैं। साथ ही बता रहे हैं किऔर कितने एजेंट भारत में सक्रिय हैं। एडीसीपी आदित्य सिंह ने बताया कि गिरोह के बारे में सभी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी किए जा रहे हैं। एडीसीपी आदित्य सिंह ने बताया कि आरोपी आतिफ से पूछताछ में कई जानकारी हाथ लगी हैं। उसके मोबाइल और लैपटॉप को भी चेक किया गया।

### आलू के बीज वितरण में धांधली...किसानों ने आगरा-अलीगढ़ हाईवे किया जाम, आधा घंटे तक चलता रहा हंगामा



**आगरा , एजेंसी।** आलू और सब्जी के सरकारी बीज वितरण में हो रही धांधली के विरोध में बृहस्पतिवार को किसान सड़क पर उतर आए। आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े कर जाम लगा दिया। हाईवे की दोनों लेन पर 30 मिनट तक चले हंगामे से तीन किमी. तक वाहनों की कतारें लग गईं। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। मौके पर पुलिस के साथ पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को समझाकर हाईवे से हटाया। हालांकि, रात तक किसानों का प्रकाश कोल्ड स्टोर पर हंगामा चलता रहा। किसानों ने आरोप लगाया कि 50 किलो के कट्टे में 45 किलो बीज निकल रहा है और उसमें 10 किलो सड़ा है। किसानों ने प्रमाणित बीज वितरण में घोटाले के आरोप लगाए। खंदौली थाना क्षेत्र में आगरा-अलीगढ़ हाईवे स्थित प्रकाश कोल्ड स्टोर पर सुबह 10 बजे किसान बीज लेने पहुंचे थे। मौके पर उद्यान विभाग का कोई अधिकारी नहीं था। किसानों ने अधिकारियों-कर्मचारियों को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। दोपहर 12 बजे तक सैकड़ों किसान जुट गए। इसके बाद नाराज किसानों ने करीब एक बजे आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े कर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसानों को समझाकर करीब 30 मिनट में जाम खुलवा दिया। इसके बाद किसान कोल्ड स्टोर के बाहर पहुंचकर हंगामा करने लगे।मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान भी पहुंच गए। करीब दो घंटे तक किसानों को मनाया, लेकिन किसान सड़ा हुआ बीज लेने के लिए तैयार नहीं थे। किसानों का रात आठ बजे तक विरोध जारी रहा। किसानों ने बताया कि जिले में आठ हजार क्विंटल आलू के बीज की जरूरत है।

# सीएम योगी ने रन फॉर यूनिटी को दिखाई झंडी

## बोले- राष्ट्र की अखंडता के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उन लौह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन, समर्पण और त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। आइए, इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हम संकल्प लें कि जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देश में उन महान सपूतों को सम्मान देने की परंपरा शुरू हुई है, जिन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि आज पूरे देश में 600 से अधिक स्थानों पर 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को प्रबल करने का यह अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में कहा गया है किशिवो भूत्वा शिवं यजेत, अर्थात जिसे हम पूजते हैं, उसके अनुरूप हमें स्वयं को ढालना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल भाषणों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी एकता और अखंडता के मूल्यों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केवड़िया (गुजरात) में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के रूप में सरदार पटेल की स्मृति को जीवंत बनाया गया है, जो आज राष्ट्रीय प्रेरणास्थली बन चुकी है।

**563 रियासतों को भारत गणराज्य में शामिल कर अखंड भारत का किया निर्माण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद ब्रिटिश साजिशों को नाकाम करते हुए 563 रियासतों को भारत गणराज्य में शामिल कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि जब हैदराबाद और जूनागढ़ की रियासतों ने भारत में विलय से इनकार किया, तब लौह पुरुष ने पहले संवाद का रास्ता अपनाया, लेकिन जब राष्ट्र की अखंडता पर संकट आया, तब उन्होंने कठोर निर्णय लेकर भारत की एकता को सुरक्षित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि भारत की अखंडता के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर अखंड भारत के उस संकल्प को साकार किया, जो सरदार पटेल ने देखा था। यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**उत्तर प्रदेश से केवड़िया जाएगा सांस्कृतिक दल:** मुख्यमंत्री ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश से एक सांस्कृतिक दल और हस्तशिल्पियों का प्रतिनिधिमंडल केवड़िया जाएगा। राज्यपाल महोदया के नेतृत्व में 12 नवंबर को केवड़िया में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी अभियान' को मज़बूती देने के साथ उत्तर प्रदेश के कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने का यह अवसर भी है।

### हम सब मिलकर भारत की अखंडता को सशक्त बनाएं

मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हमें उन सभी कुत्सित प्रयासों का विरोध करना चाहिए जो जातिवाद, परिवारवाद या छुआछूत के आधार पर समाज को बांटने का काम करते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का यही संदेश है कि हम सब मिलकर भारत की अखंडता को सशक्त बनाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

### राष्ट्र को कमजोर करने वालों का विरोध करें

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें हर उस शक्ति का विरोध करना चाहिए जो राष्ट्र की एकता को कमजोर करने का प्रयास करती है।

### संकल्पना की सिद्धि हेतु सदैव प्रेरित करते रहेंगे

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर भी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं और भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं प्रदेश वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक बधाई। भारत की आंतरिक सुरक्षा और अखण्डता हेतु सरदार साहब द्वारा किए गए अथक प्रयास हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना की सिद्धि हेतु सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल एवं विधायक गण उपस्थित रहे।

### रन फॉर यूनिटी के लिए दौड़े तीन हजार लोग, ट्रॉमा सेंटर से डॉक्टरों ने निकाला मार्च

**वाराणसी , एजेंसी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में एक साथ 3 हजार लोग दौड़े। इस क्रम में बीएचयू ट्रामा सेंटर से सुबह 6 बजे रन फॉर यूनिटी मार्च निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हुए। ट्रामा सेंटर प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी स्टाफ को आमंत्रित किया गया था। बीएचयू ट्रामा सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्रोफेसर सौरभ सिंह ने डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने की दिशा में कार्य करते रहने की शपथ दिलाई। कहा कि जिस तरह से राष्ट्र निर्माण में एकता और अनुशासन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उसी तरह स्वास्थ्य सेवाओं में भी इन मूल्यों का पालन करना जरूरी होता है। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई थी। एक दिन पहले बृहस्पतिवार को पार्टी पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर लोगों को न्योता बांटा था। मार्च का शुभारंभ सुबह 7 बजे मलदहिया चौराहे पर सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद 3 किमी की दूरी तय करते हुए संपूर्णानंद स्टेडियम पर इसका समापन किया गया। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में टी-शर्ट और पैंट पहनकर भाग लेने की अपील की थी ताकि दौड़ का दृश्य एकरूप और अनुशासित दिखे। जिला प्रशासन के ओर से भी यूनिटी मार्च को सफल बनाने के लिए एक दिन पहले दिनभर तैयारी चलती रही। प्रशासन के ओर से बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था।

**वीडियो कॉल पर भयानक स्कैम...**

# दो दिन में जहन्नुम बन गई डेयरी संचालक दंपती की जिंदगी, गंवा बैठे 59 लाख रुपये

**आगरा , एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बनकर बुजुर्ग दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर 59 लाख रुपये की ठगी कर ली। उन पर अवैध धन प्राप्त करने के आरोप लगाए। जांच में सहयोग नहीं करने पर कार्रवाई का भय दिखाते हुए जेल भेजने की धमकी दी। युवक और युवती ने दो दिन तक वीडियो कॉल पर बात करके रकम दो खातों में जमा करा ली। बाद में ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुटी है।

दयाल अपार्टमेंट, एलोरा एन्क्लेव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि वह डेयरी चलाते हैं। 13 अक्तूबर को पत्नी माधुरी के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम प्रदीप सावंत बताया। कहा कि वह मुंबई के थाना कोलाबा का अधिकारी है। कहा कि आपके नंबर पर 20-20 एफआईआर दर्ज हैं। आपको 7 करोड़ रुपये का अवैध धन प्राप्त हुआ है। उसने धमकाने के बाद फोन काट दिया। बाद में रश्मि शुक्ला नाम लेकर एक युवती ने वीडियो कॉल किया। उसने खुद को सीबीआई की जांच विंग से बताया। कहा कि आपको जितना भी धन मिला है, यह जांच पूरी होने तक आरबीआई में जमा करना होगा। यह बाद में रकम वापस मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि आपके खिलाफ केस दर्ज हो गए हैं। जल्द ही जेल भेज दिया जाएगा। जेल जाने से बचना है तो जांच में सहयोग करो। घर से कहीं निकलकर नहीं जाएं। इस जांच के बारे में किसी को भी नहीं बताएं। हम लोग जैसा बता रहे हैं, वैसा करें। पुलिस को बताया तो सीबीआई कार्रवाई करेगी। इससे पति-पत्नी घबरा गए। वह समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर क्या करें। उन्हें बार-बार कॉल करके धमकाया जाने लगा। डरकर दंपती ने 14 अक्तूबर को 25 लाख रुपये बंधन बैंक के खाते में और 15 अक्तूबर को 34 लाख रुपये बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों में स्थानांतरित कर दिए। इसके बावजूद आरोपी रकम की मांग करते रहे। उनसे कई बार में कुल 59 लाख रुपये जमा करा लिए गए। एडीसीपी सिटी आदित्य सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जिन नंबरों से कॉल किया गया और जिन खातों में रकम जमा की गई, उनकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**पुलिस नहीं करती डिजिटल अरेस्ट:** एडीसीपी आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई चीज नहीं होती है। पुलिस कभी किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। अगर कोई व्यक्ति वायस कॉल या वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट करने के बारे में बताता है तो समझ जाएं ठगी होने वाली है।

### शराब पीने वालों पर पुलिस की है नजर, आगरा में 380 लोगों का हुआ चालान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के नगला बूढ़ी (थाना न्यू आगरा) में नशे में कार दौड़ाने से पांच लोगों की जान गई थी। लोगों ने शराब के ठेके को ही हादसे की वजह माना था। इसका असर यह हुआ कि पुलिस ने मंगलवार और बुधवार को विशेष अभियान चलाकर 380 लोगों को पकड़ा। 15 वाहन सीज किए।

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि नियमानुसार ठेके के बाहर शराब नहीं पिलाई जा सकती है। इस तरह लोगों के शराब पीने पर रोक है। इसके अलावा वाहन चलाने पर भी पुलिस कार्रवाई कर सकती है। दो दिन में पुलिस ने 380 लोगों को पकड़ा। यह खुले में शराब पी रहे थे। इसके अलावा वाहन चलाने वालों की भी चेकिंग की। 15 गाड़ियों को सीज किया गया।

इनके चालक शराब पीकर ड्राइविंग कर रहे थे। कुछ लोग पुलिस के कार्रवाई करने पर भिड़ गए। इस पर दो के खिलाफ केस दर्ज किया गया। 28 लोगों को शांति भंग में जेल भेजा गया था। पुलिस की कार्रवाई से ठेका संचालक भी खुले में शराब पीने से मना कर रहे हैं। लोगों को थाने में शपथ भी दिलवाई गई कि वह अब खुले में शराब नहीं पीएंगे। वाहन भी नहीं चलाएंगे। गाड़ियों में बैठकर और ठेल पर पीते हैं शराब

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान ठेकों के साथ ही आसपास खड़ी गाड़ियों और ठेलों को भी चेक किया। सामने आया कि लोग शराब की बोतल खरीदने के बाद गाड़ियों में बैठे थे। लाइट भी नहीं जला रखी थी। इसके साथ ही ठेलों पर भी लोग खड़े हुए थे। ठेल विक्रेता पाउच और पानी की बिक्री कर रहे थे। ऐसे में इन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। सबसे ज्यादा थाना लोहामंडी, इसके बाद थाना हरीपर्वत सर्किल में लोग पकड़े गए। सदर में भी आंकड़ा अधिक रहा। यहां पर ठेकों के बाहर शराब लोग पी रहे थे।

**कटघर में फिर वर्चस्व की लड़ाई**

## पथराव और फायरिंग, दुकानदार को मारी गोली

**मुरादाबाद , एजेंसी।** कटघर के भदौड़ा में फिर वर्चस्व की जंग में दो पक्षों में जमकर पथराव और फायरिंग हुई जिसमें बीच बचाव करने आए दुकानदार राजेंद्र उर्फ राजू गोली लगने से घायल हो गया जबकि दो अन्य युवक वासु और अनु भी घायल हुए हैं। पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग केस दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। कटघर के दस सराय दुर्गेश नगर भदौड़ा में करीब एक माह पहले हिस्ट्रीशीटर कमल चौहान की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड को अपना वर्चस्व कायम करने के लिए दूसरे हिस्ट्रीशीटर ने अंजाम दिया था। इसके इसी क्षेत्र में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या की गई फिर भाजपा नेता के भतीजे को मौत के घाट उतार दिया गया। बुधवार की रात वर्चस्व की जंग में फिर दो पक्ष भिड़ गए। भदौड़ा निवासी वासु शर्मा और राहुल सागर रंजिश चल रही थी। बुधवार रात करीब नौ बजे दोनों फिर से आमने-सामने आ गए। दोनों के पक्षों में अन्य लोग भी शामिल हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान वासु मौके से भागकर घर में घुस गया। वासु का आरोप है कि 12 से 15 लोग दरवाजा तोड़कर उसके घर में घुस गए और मारपीट की। इस दौरान दोनों पक्ष में जमकर पथराव हुआ।

इस दौरान लोग मारपीट करते हुए डबल फाटक भदौड़ा में परचून की दुकान चलाने वाले राजेंद्र उर्फ राजू के घर तक पहुंच गए। शोर शराबा होने पर राजेंद्र अपने घर से बाहर आए तो वह वह लोगों को समझाकर मामला शांत कराने लगे। इसी दौरान राजू को किसी ने गोली मार दी। इसके बाद दोनों पक्षों में कई राउंड फायरिंग हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने घायल राजेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस घटना में दो अन्य युवक घायल हुए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर तीन आरोपी हिरासत में ले लिया है।

### अब नहीं करेंगे पशु तस्करी... पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गए बदमाश ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

**सोनभद्र , एजेंसी।** सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के नौगढ़ पुलिया के पास शुक्रवार की सुबह पशु तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल तस्कर को पुलिस ने पकड़ लिया और उसके कब्जे से पिकअप वाहन में लदे पांच पशु, एक तमंचा 315 बोर और एक कारतूस बरामद किया है।

**बिहार का रहने वाला है पशु तस्कर :** घायल तस्कर की पहचान बिहार के कैमूर जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत झरिया गांव निवासी जितेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ सिटी रणधीर मिश्रा ने बताया कि तस्करी रोकने के लिए एसपी अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम जांच में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि चार तस्कर घोरावल से रॉबर्ट्सगंज-नौगढ़ मार्ग के रास्ते बिहार की ओर पशु लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने दोमुहिया पुलिया के पास घेराबंदी की तो तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान एक तस्कर घायल हो गया। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर जितेंद्र यादव ने बताया कि बिहार के कैमूर जिले में बैठे भगवान यादव और बलवंत यादव नामक तस्करों के इशारे पर यह पशु तस्करी की जाती है। पशुओं को बिहार ले जाकर नाटे, मुखिया और हाफिज नामक तस्करों को सौंपा जाता था, जो उन्हें वध के लिए पश्चिम बंगाल भेजते थे। फरार तस्करों की पहचान इबरार, मल्लू, हजरत, नाटे, मुखिया और हाफिज के रूप में हुई है। पुलिस टीम उनकी तलाश में दबिश दे रही है। मुठभेड़ में थाना प्रभारी माधव सिंह, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौबे, चौकी प्रभारी हिन्दुआरी सुरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी चुर्क विनोद कुमार यादव व चौकी प्रभारी रविकांत मिश्रा अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे।

# बारिश के कारण पारे ने लगाया गोता, एक दशक का रिकॉर्ड टूटा

### रेनकोट के साथ गर्म कपड़ों की पड़ी जरूरत



**लखनऊ , एजेंसी।** मोंथा तूफान के असर से बृहस्पतिवार को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। तड़के शुरू हुई रिमझिम बारिश और झोंकेदार हवाओं के असर से दिन के अधिकतम तापमान का पारा 6.5 डिग्री का गोता लगाकर 23.9 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा।

यह बीते 10 वर्ष में अक्तूबर के महीने में राजधानी में दर्ज किया गया सबसे कम अधिकतम तापमान है। इसके पहले वर्ष 2015 के अक्तूबर महीने में अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

मोंथा तूफान के प्रभाव से मौसम में बदलाव की शुरुआत बुधवार की रात ही हो गई थी। रात में बूंदाबांदी हुई। बृहस्पतिवार तड़के बादलों की सक्रियता बढ़ी तो बूंदाबांदी रिमझिम बारिश में बदल गई। इसके बाद पूरे दिन कभी तेज तो कभी धीमी बारिश होती रही। शाम तक राजधानी में 22.9 मिमी की बारिश रिकॉर्ड हुई। इसके पहले वर्ष 2022 के अक्तूबर माह में एक दिन में इससे ज्यादा 65.5 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। अभी मौसम में विशेष बदलाव के आसार नहीं हैं।

**आज भी भिगो सकते हैं बादल:** आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ में शुक्रवार को भी बूंदाबांदी के आसार हैं। लखनऊ में मोंथा तूफान का असर शुक्रवार रात तक कमजोर पड़ जाएगा। एक नवंबर से मौसम के साफ होने के संकेत हैं। शनिवार से दिन के पारे में एक बार फिर बढ़त देखने को मिलेगी।

**छतरी, रेनकोट के साथ गर्म कपड़ों की पड़ी जरूरत:** दिन भर हुई बारिश से काम पर निकले लोगों को परेशान होना पड़ा। लोगों को छतरी, रेनकोट के साथ गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ी। पारे में गिरावट का हाल ये रहा कि दिन और रात के तापमान में महज 1.1 डिग्री का फर्क रह गया। शाम में बारिश थमने पर लोग सुहाने मौसम का लुत्फ उठाने सैर पर निकले।

### साई में कोच रहे हाजी फरमान हैदर का निधन

**सीने में दर्द होने पर ले जाया गया था अस्पताल**



**वाराणसी , एजेंसी।** साई में कोच रहे हाजी फरमान हैदर का निधन हो गया है। उनको सीने में दर्द के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बृहस्पतिवार की देर रात मृत घोषित कर दिया। हाजी फरमान हैदर (प्यारे), प्रवक्ता जुमा मस्जिद दारानगर के निधन से पूरे शिया समाज में गहरा शोक है। आज दोपहर 2:30 बजे हाजी फरमान हैदर का जनाजा जेपी टावर, काली महल से दरगाह फातमान, लल्लापुरा ले जाया जाएगा।

फुटबॉल कोच फरमान हैदर ने कोचिंग की शुरुआत यूपी कॉलेज के साइंस सेंटर से की और करियर का समापन भी यूपी कॉलेज साई सेंटर से ही हुआ। रिटायरमेंट के बाद फरमान हैदर का मन धार्मिक कार्यों में ही रमता था।

उन्होंने अपने फुटबॉल करियर में दो राष्ट्रीय मुकाबले खेले। इसमें एक बीसी राय ट्रॉफी दूसरा संतोष ट्रॉफी खेला। इसके बाद उनका चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के यूपी कॉलेज स्थित फुटबॉल सेंटर में बतौर कोच हावीगय।

बरेका के पूर्व फुटबॉल कोच विनोद कनौजिया ने बताया कि वह फॉरवर्ड खिलाड़ी थे। उनके निधन पर वाराणसी के जाने-माने फुटबॉल खिलाड़ी और कोच भैरव दत्त, मोहम्मद शहीद, राना अनवर आदि ने श्रद्धांजलि दी है।

हाइलो ओपनः

# किरण जॉर्ज ने किया उलटफेर

● 15वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के किरण जॉर्ज ने शानदार प्रदर्शन किया और उलटफेर करते हुए दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंट टूर्नामेंट में हराया। किरण ने इसके साथ ही पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी किरण ने 69 मिनट चले मुकाबले में आठवें वरीय पोपोव को 18-21, 21-18, 21-19 से हराया।

प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले 25 साल के किरण जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। ओडिशा ओपन 2022 और इंडोनेशिया मास्टर्स 2023 के रूप में दो सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाले किरण अगले दौर में दूसरे वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और चीनी ताइपे के ची यू जेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इससे पहले लक्ष्य सेन और रक्षिता रमेश ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने हमवतन एस सुक्रमण्यन को 21-14, 21-11 से हराया, जबकि रक्षिता ने एक अन्य ऑल इंडियन मुकाबले में श्रीयांशी वलिशेट्टी को 58 मिनट में 19-21, 21-8, 21-13 से शिकस्त दी।

लक्ष्य अगले दौर में फ्रांस के चौथे वरीय एलेक्स लेनियर से भिड़ेंगे जबकि रक्षिता को डेनमार्क की छठी वरीय लाइन क्रिस्टोफरसन का सामना करना है। पुरुष एकल के एक अन्य प्री क्वार्टर फाइनल में आयुष शेट्टी का सामना छठे वरीय और पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन येव से होगा।

# सपना अभी पूरी तरह साकार नहीं हुआ है : जेमिमा रोड्रिग्स



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय टीम की जीत की हीरो जेमिमा रोड्रिग्स रहीं। रोड्रिग्स ने अपनी शतकीय पारी से भारत के फाइनल में पहुंचने की यादगार कहानी लिखी। रोड्रिग्स को उनकी नाबाद और यादगार शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद जेमिमा ने कहा, सबसे पहले, मैं यीशु का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं, क्योंकि मैं यह सब अकेले नहीं कर सकती थी। मुझे पता है कि उन्होंने आज मुझे इस मुश्किल दौर से निकाला। मैं अपनी मां, पिताजी, कोच और हर उस व्यक्ति का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं, जिन्होंने इस दौरान मुझ पर विश्वास किया। पिछले चार महीने वाकई बहुत मुश्किल रहे, लेकिन यह एक सपने जैसा लग रहा है और अभी तक पूरी तरह से साकार नहीं हुआ है। भारत को जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 339 रन का लक्ष्य दिया था। भारतीय टीम 59 पर मंधाना और शेफाली का विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आईं जेमिमा रोड्रिग्स ने 134 गेंद पर 14 चौकों की मदद से नाबाद 127 रन की पारी खेली और टीम की जीत में यादगार भूमिका निभाई। रोड्रिग्स को कप्तान हरमनप्रीत कौर का भी अच्छा साथ मिला। हरमन ने 88 गेंद पर 89 रन की पारी खेली और तीसरे विकेट के लिए रोड्रिग्स के साथ 167 रन की मैच विनिंग साझेदारी की। दीप्ति शर्मा ने 24, ऋचा घोष ने 26 और अमनजोत कौर ने नाबाद 15 रन बनाए। शेफाली 10 और मंधाना 24 रन बनाकर आउट हुई थीं।

भारत ने 48.3 ओवर में 5 विकेट पर 341 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीता। इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में 331 सबसे बड़ा हासिल किए जाने वाला लक्ष्य था। 339 रन का लक्ष्य हासिल कर भारतीय टीम ने नया रिकॉर्ड बना दिया है।

# भारत दूसरा टी-20 मैच 4 विकेट से हरा

**ऑस्ट्रेलिया ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में चेज किया, काम न आई अभिषेक शर्मा की पारी**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 विकेट से हार गई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। शुभमन गिल (5 रन), संजू सैमसन (2 रन), तिलक वर्मा (जीरो) और सूर्यकुमार यादव (एक रन) बनाकर आउट हुए।

अभिषेक शर्मा ने हर्षित राणा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके भारत का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। अभिषेक ने 37 बॉल पर 68 रन बनाए। उनके आउट होते ही टीम इंडिया 18.4 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई। 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 3 विकेट झटके। जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट स्टोयनिस को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए।

# भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर बने इलमपार्थी



**एआईसीएफ अध्यक्ष नारंग ने दी बधाई; आनंद ने भी सराहा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलमपार्थी ने रिल्टन कप (2024-25) के दौरान 2500 ईएललो रेटिंग का आंकड़ा पार किया और बोस्निया में अंतिम नॉर्म ने उनके ग्रैंडमास्टर खिताब को पक्का कर दिया। युवा शतरंज खिलाड़ी इलमपार्थी ए आर बोस्निया और हर्जेगोविना में जीएम4 बिजेलजीना 2025 शतरंज महोत्सव में अपना अंतिम नॉर्म हासिल करने के बाद भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। चेन्नई के 16 वर्षीय खिलाड़ी इलमपार्थी ने दिसंबर 2023 में वियतनाम में हनोई टूर्नामेंट में अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म और इसके बाद 2024 में सिंगापुर इंटरनेशनल ओपन में उन्होंने दूसरा नॉर्म हासिल किया। इलमपार्थी ने रिल्टन कप (2024-25) के दौरान 2500 ईएललो रेटिंग का आंकड़ा पार किया और बोस्निया में अंतिम नॉर्म ने उनके ग्रैंडमास्टर खिताब को पक्का कर दिया। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने एक्स पर लिखा, भारत के लिए 90वां ग्रैंडमास्टर। देश के 90वें ग्रैंडमास्टर बनने के लिए सभी जरूरी योग्यता पूरी करने पर इलमपार्थी ए आर को बधाई। आपको और भी कई उपलब्धियां और देश को गौरवान्वित करने में निरंतर सफलता की कामना करता हूं। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर लिखा, इलमपार्थी को ग्रैंडमास्टर के रूप में घोषित करते हुए खुशी हो रही है।

कोपा डेल रे :

# एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को हराया, लेवांटे ने भी जीता मुकाबला



**मैड्रिड, एजेंसी।** कोपा डेल रे के पहले दौर के मैचों के तीसरे दिन कोई बड़ा उलटफेर देखने को नहीं मिला। एक ओर एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को हराया, तो दूसरी तरफ लेवांटे ने जीत दर्ज की। एस्पेनयोल ने स्पेनिश खेल के चौथे टियर में खेलने वाली एटलेटिक लिडा के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इस टीम के लिए दोनों गोल किके गार्सिया ने दागे। किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की, लेकिन एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन शीर्ष स्तर की टीम को अंतिम मिनटों में तनावभरे पलों का सामना करना पड़ा। एक अन्य मैच में लेवांटे ने चौथे टियर के ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की।

यह 7 गोल वाला एक रोमांचक मैच रहा। उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल ने 11 मिनट में ही लेवांटे को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया था। शीर्ष स्तर की टीम के लिए यह मुकाबला आसान लग रहा था, लेकिन इसी बीच जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी ने ओरिहुएला को मैच में वापस ला दिया। कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल दागते हुए लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई, लेकिन गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही लेवांटे की बढ़त फिर से कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3-3 पर पहुंचा दिया, लेकिन एस्पी ने 92वें मिनट में विजयी गोल करके लेवांटे को जीत दिलाई। वहीं, सेल्टा विगो ने कमजोर प्यूर्टो डी वेगा को 2-0 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है। रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7-1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

# पिथौरागढ़ की बेटी बनी एशियन बॉक्सिंग चैंपियन

● **चीन को हराकर जीता गोल्ड; बड़ी बहन भी इंटरनेशनल लेवल पर जीत चुकीं कई मेडल**



**पिथौरागढ़ (एजेंसी)।** पिथौरागढ़ की बेटी खुशी चंद ने एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। बहरीन के मनामा में 23 से 30 अक्टूबर तक हुई तीसरी एशियाई युवा खेल प्रतियोगिता में खुशी ने अंडर-17 बालिका वर्ग के 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में खुशी ने चीन की बॉक्सर लूओ जिन्शियु को मात दी। इससे पहले उन्होंने जॉर्डन, सऊदी अरब और मंगोलिया की खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस जीत के बाद पिथौरागढ़ में रह रहा उनका परिवार खुश है, और खुशी के पिता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वैसे खुशी परिवार की इकलौती बेटी नहीं जै जिसने परिवार का नाम रोशन किया है, दरअसल खुशी से पहले उसकी बड़ी बहन निकिता चंद ने भी इंटरनेशनल लेवल पर कई मेडल अपने नाम किए हैं।

# एसीसी राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट 14 नवंबर से शुरू

**भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में, 16 नवंबर को होगा मुकाबला**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट की शुरुआत 14 नवंबर से होगी। टूर्नामेंट का महामुकाबला यानी भारत-पाकिस्तान मैच 16 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मुकाबले कतर के दोहा शहर में होंगे।

एसीसी ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शेड्यूल का ऐलान किया। इसमें आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हॉन्ग कॉन्ग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप-बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं।

**टी-20 फॉर्मेट में ही खेला जाएगा**

यह टूर्नामेंट जिसे पहले एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के नाम से जाना जाता था, टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका की 'ए' टीमें हिस्सा लेंगी। तीन एसोसिएट टीमें, हॉन्ग कॉन्ग, ओमान और यूएईअपनी मेन टीमें मैदान में उतारेंगी।

14 नवंबर से 19 नवंबर तक हर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद 21 नवंबर को सेमीफाइनल और 23 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा।



## एशिया कप के बाद पहली बार होगा भारत-पाक का सामना

भारत और पाकिस्तान का एशिया कप 2025 के बाद पहली बार सामना होगा। एशिया कप में दोनों टीमों के बीच काफी विवाद देखने को मिले था। टीम इंडिया ने एशियन क्रिकेट काउंसिल चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी न लेने का फैसला किया था।

नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था।

**पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते**

इमर्जिंग टीम्स टूर्नामेंट 2013 में शुरू हुआ था और अब तक इसके छह एडिशन हो चुके हैं। टूर्नामेंट का यह सातवां सीजन होगा। यह पहले अंडर-23 टूर्नामेंट के तौर पर शुरू हुआ था, बाद में इसे 'ए' टीमों के बीच होने वाले कॉम्पिटिशन में बदल दिया गया।

पाकिस्तान और श्रीलंका टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमें हैं। दोनों ने दो-दो खिताब जीते हैं। जबकि भारत और अफगानिस्तान ने एक-एक बार जीता है। मौजूदा चैंपियन अफगानिस्तान है। अफगानिस्तान ने पिछला एडिशन 2024 में ओमान में जीता था, फाइनल में श्रीलंका को सात विकेट से हराया था।

# राहुल द्रविड़ बोले- रोहित ने भारत की टी-20 सोच बदली

**टीम को निडर और आक्रामक बनाया, 9 महीने में भारत को 2 आईसीसी ट्रॉफी दिलाई**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा- रोहित ने टीम की टी-20 क्रिकेट खेलने की सोच पूरी तरह बदल दी। द्रविड़ ने बताया कि जब रोहित कप्तान बने और उन्होंने कोच का काम संभाला, तब दोनों ने मिलकर टीम की बल्लेबाजी को ज्यादा तेज, निडर और बड़े स्कोर वाली शैली में बदलने का फैसला किया।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 9 महीने के भीतर 2 आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की थी। टीम ने जून 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीता था।रोहित की कप्तानी में भारत ने इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था।

**रोहित ने शुरुआत से अटैकिंग क्रिकेट पर बात की- द्रविड़**

राहुल द्रविड़ ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं अपने आने से पहले क्या हुआ उस पर बात नहीं कर सकता। लेकिन जब से मैं आया, रोहित के साथ हमारी बातचीत हमेशा इस बात पर रही कि हमें ज्यादा आक्रामक क्रिकेट खेलनी है। हमने ये शुरुआत से ही लागू किया, क्योंकि हमें दिख रहा था कि खेल उसी दिशा में जा रहा है। रोहित को इसका बड़ा श्रेय जाता है।



**भारत की बल्लेबाजी अब दुनिया के लिए नया पैमाना बन गई हैः** द्रविड़ ने आगे कहा कि भारत की टी-20 बल्लेबाजी अब दुनिया के लिए नया पैमाना बन गई है। मुझे खुशी है कि हमने इसी रवैये को जारी रखा। आज भारतीय टी-20 बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर है। टीम लगभग 300 के करीब रन बनाती है और बाकी दुनिया अब भारत की बराबरी करने की कोशिश कर रही है। पिछले 3-4 साल में बाकी टीमें भी अब कह रही हैं कि हमें भारत जैसे खेलना होगा।

**कोच सिर्फ माहौल बनाते हैं**

राहुल द्रविड़ ने कहा कि कोच सिर्फ माहौल बनाते हैं, लेकिन मैदान पर जोखिम खिलाड़ी ही लेते हैं। क्रेडिट खिलाड़ियों और कप्तान को जाता है। हम उन्हें भरोसा दे सकते हैं, लेकिन खेलना और बड़े शॉट मारना उन्हें ही होता है।

**भारत को टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनाया**

कोच राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा की जोड़ी ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जिताया था। टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया था।